साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था निम्न पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

पद का नाम : प्रूफ रीडर व सामान्य सहायक
पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)
पदस्थान : प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली
वेतनमान : लेवल 4/25500-81100 (7 सीपीसी)
(पे बैंड-I/5200-20200/ग्रेड पे-2400(6 सीपीसी))
आयु सीमा : 30 वर्ष
(भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)
नियुक्ति का आधार : सीधी भर्ती
शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ
अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में हिंदी/अंग्रेज़ी के साथ स्नातक उपाधि।
2. हिंदी/अंग्रेज़ी प्रूफ पढ़ने की योग्यता।
3. हिंदी/अंग्रेज़ी में दक्षता।
4. कंप्यूटर अनुप्रयोग का आधारभूत ज्ञान।
5. डेस्कटॉप पब्लिशिंग एप्लीकेशन का ज्ञान।
6. प्रूफ रीडिंग में दो वर्ष का अनुभव।

पदस्थ को भारत में स्थित साहित्य अकादेमी के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है। ई-मेल द्वारा अथवा आवश्यक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देखें।

अनिवार्य योग्यताएँ पूरी करने वाले अभ्यार्थियों के ज्ञान के आकलन के लिए भाग 'अ' : सामान्य अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान एवं भाग 'ब' : संपादन एवं प्रूफ रीडिंग लिखित परीक्षा का अकादेमी द्वारा निश्चित तिथि एवं समय पर आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दोनों भाग 'अ' व 'ब' को पास करना अनिवार्य है।

आवेदन पत्र अकादेमी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों की समय-सीमा के अंदर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर ''प्रूफ रीडर व सामान्य सहायक प्रधान कार्यालय पद (अनुसूचित जाति वर्ग) हेतु आवेदन'' का उल्लेख होना चाहिए।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/5/2020

प्रकाशन तिथि : 31 अक्टूबर 2020

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 30 नवंबर 2020